**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**सामान्य प्रशासन शाखा**

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2017 की प्रथम नियमित बैठक की कार्यवाही, जो दिनांक 27 जनवरी, 2017 को अपराह्न 11:00 बजे आचार्य ए0डी0एन0 बाजपेयी, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1– आचार्य राजिन्द्र सिंह चौहान, प्रति कुलपति
2– शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1
3– आचार्य एस0एस0 चौहान, अधिष्ठाता, समाज–विज्ञान संकाय
4– आचार्य डी0के0शर्मा, अधिष्ठाता भौतिक–विज्ञान संकाय
5– डॉ0 (श्रीमती) उमा वर्मा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सुन्नी
6– श्री अनिरूद्ध सिंह, माननीय विधायक, प्रतिनिधि विश्वविद्यालय कोर्ट
7– श्री चन्द्र शेखर, नामिती राज्य सरकार
8– श्रीमती राज कुमारी, प्रतिनिधि गैर–शिक्षक कर्मचारी
9– डॉ0 पंकज ललित, कुलसचिव –सदस्य–सचिव

**<u>मद संख्या–1:</u>** कुलपति महोदय का वक्तव्य ।

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2017 की प्रथम नियमित बैठक में कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

उन्होंने कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य रहे निदेशक (उच्चत्तर शिक्षा), डॉ0 दिनकर बुड़ाथोकी का कार्यकारिणी परिषद् की बैठकों में उनके सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा उनके स्थान पर नवनियुक्त निदेशक (उच्चत्तर शिक्षा) डॉ. बी.एल.बिन्टा का स्वागत किया।

कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक), बंगलूरू द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदत्त "ए" ग्रेड के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में 30 दिसम्बर, 2016 को एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। आचार्य देवव्रत जी, महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इस समारोह के मुख्य अतिथि थे तथा इस समारोह की अध्यक्षता श्री वीरभद्र सिंह जी, माननीय मुख्यमन्त्री हिमाचल प्रदेश ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं, विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारियों, सभी संघों व संगठनों के अध्यक्षों व केन्द्रीय छात्र संघ की अध्यक्षा को इस समारोह के अध्यक्ष व मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

- दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 को माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित शासकीय परिषद् की बैठक में भाग लिया।

- दिनांक 13 जनवरी, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित भारत बोध (Idea of Bharat) से सम्बन्धित सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया।

- दिनांक 13 जनवरी, 2017 को नई दिल्ली के आई.पी.एफ.सम्मेलन कक्ष में 'Indian Policy Foundation' द्वारा Role of Think Tanks in India विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया।

- दिनांक 16 जनवरी, 2017 को बल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी में आयोजित बी.बी.ए./ बी.सी.ए. एवं पी.जी.डी.सी.ए. कोर्सों में सोसाईटी के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों को नियमित करने के मामले का परीक्षण करने हेतु कार्यकारिणी परिषद् द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता की।

- दिनांक 16 जनवरी, 2017 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र की स्थापना हेतु सम्भावित ज़मीन के चयन हेतु गठित समिति के साथ मण्डी, हिमाचल प्रदेश का दौरा किया।

- दिनांक 21 जनवरी, 2017 को अर्थशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ''नोटबंदी के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव'' विषय पर एक दिवसीय परिसंवाद के उद्घाटन अवसर पर व्याख्यान दिया।

इसके उपरान्त उन्होंने कुलसचिव से अपेक्षा आग्रह किया कि वे आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद संख्या–2:** कार्यकारिणी परिषद् की दिनांक 30–12–2016 को हुई नियमित बैठक व आपातकालीन बैठक दिनांक 18–01–2017 को हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने दिनांक 30–12–2016 को हुई नियमित बैठक व दिनांक 18–01–2017 को हुई आपातकालीन बैठक में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।

**मद संख्या–3:** कार्यकारिणी परिषद् की दिनांक 30–12–2016 को हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

......

कार्यकारिणी परिषद् ने दिनांक 30–12–2016 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का अनुमोदन किया।

**मद संख्या–4:** कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–12 –सी (7) के अन्तर्गत लिए गए निर्णयों से अवगत करवाना ।

....

कुलपति महोदय ने उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई निर्णय नहीं लिया।

**मद संख्या–5:** कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त हुई है।

....

कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समय के भीतर कोई मद प्राप्त नहीं हुई है ।

**मद संख्या–6:** कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग के पदों हेतू आयोजित साक्षात्कार में चयन समिति की सिफारिशें प्रस्तुत करने बारे।

......

बैठक में कुलसचिव द्वारा जानकारी दी गई कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञप्ति संख्या भर्ती–1/2014 दिनांक 08.09.2014 (अनुलग्नक–क) द्वारा विभिन्न शिक्षक व गैर–शिक्षक पद विज्ञापित किए गए थे तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 2010 में जारी दिशानिर्देशानुसार निधार्रित की गई थी। हि.प्र.विश्वविद्यालय द्वारा सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग के पदों हेतु व्यक्तिगत साक्षात्कार दिनांक 24.08.2016 को निधार्रित किए गए थे जिस पर माननीय हि.प्र. प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा स्थगन आदेश पारित किए गए थे जिस कारण यह साक्षात्कार उक्त दिनांक को नहीं हो पाए। तदोपदान्त माननीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा दिनांक 19.10.2016 को पारित आदेशों में स्थगन आदेश vacate करते हुए निम्न आदेश पारित किए गए थे:–

XX XX XX

9. In view of the above, the original applications are disposed of with a direction to the respondent-University, through its Registrar, to proceed further in the matter and hold interview for the post of Assistant Professor (Physical Education), for which the additional qualification(s) acquired by the applicant(s) or any other candidate after issuance of advertisement notice dated 8th September, 2014, Annexure- A-1, but before the date(s) of interview, may also be taken into consideration.

XX XX XX

माननीय हि.प्र. प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.10.2016 की प्रति अनुलग्नक–ख पर प्रस्तुत है।

माननीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश की अनुपालना में सहायक आचार्य के पद के सभी आवेदकों से उन द्वारा दिनांक 08.09.2014 के बाद प्राप्त अतिरिक्त शैक्षणिक व अन्य आहरित योग्यता सम्बन्धी दस्तावेज मांगे गए थे। तत्पश्चात सभी आवेदनों की दिनांक 12.12.2016 को पुर्नसंवीक्षा, पुर्नसंवीक्षा हेतु गठित समिति जिसमें अधिष्ठाता अध्ययन, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय तथा विभागाध्यक्ष, शिक्षा शामिल थे, द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार की गई। हि.प्र.विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अधिसूचित नीति एवं नियमानुसार एक पद हेतु 15 उम्मीदवार आमंत्रित किए जाते है। सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग के पद हेतु आमंत्रित सभी उम्मीदवार नैट/सैट/ स्लैट की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दिशा निर्देश–2010 में प्रदत है, को पूर्ण करते हैं।

माननीय हि.प्र. प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश की अनुपालना में उक्त पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 18.01.2017 को प्रातः 11:00 बजे निधार्रित किए गए थे जिनके आधार पर चयन समिति की सिफारिशें कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

तदोपरान्त सभापति ने सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा के पद पर भर्ती हेतु चयन समिति की सिफारिशों को परिषद में पढ़ कर सुनाया। सिफारिशें निम्न प्रकार से है:–

**विज्ञापन संख्या भर्ती–1/2014 दिनांक 08.09.2014**

**सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग, हि.प्र.वि. षिमला–5**
**(साक्षात्कार की तिथिः 18.01.2017)**

i) डा. शमशेर सिंह पुत्र स्व. श्री रोशन सिंह

**प्रतीक्षा सूची**

i) डा. मनोहर लाल पुत्र श्री जय चन्द

ii) डा. संजय कुमार Alias रामरथ पुत्र श्री भीकम राम

कार्यकारिणी परिषद ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों को अनुमोदित किया।

**मद संख्या–7:** विश्वविद्यालय में नकदी–रहित व्यवस्था लागू होने के उपरान्त विश्वविद्यालय मूल्यांकन शाखा का कार्य सुचारू रूप से चलाने और शिक्षकों एवं गैर–शिक्षक वर्ग के पारिश्रमिक व ईंधन व्यय के भुगतान के लिए अनुभाग अधिकारी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) के नाम चालू खाता खोलने बारे।

.....

मूल्यांकन शाखा का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुभाग अधिकारी (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) के नाम पर चालू खाता हेतु कार्यकारिणी परिषद् ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**मद संख्या–8:** विश्वविद्यालय दूरवर्ती एवं मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन केंद्र, नोएडा से सम्बन्धित भवन को विक्रय, किराये पर एवं पट्टे पर देने के सम्बन्ध में संभावनाओं को तलाशने हेतु गठित समिति द्वारा नोएडा का दौरा करने के पश्चात् प्रस्तुत कार्यवाही प्रतिवेदन को कार्यकारिणी परिषद् में प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।

.......

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय दूरवर्ती एवं मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन केंद्र, नोएडा स्थित भवन को विक्रय, किराये पर एवं पट्टे पर देने के सम्बन्ध में संभावनाएं तलाशने हेतु गठित समिति के प्रतिवेदन को **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया। कार्यकारिणी परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु सम्मानीय सदस्य श्री अनिरूद्ध सिंह जी की सेवाएं व सहयोग भी लिया जाए।

**मद संख्या–9:** डॉ भावना भारद्वाज, सहायक आचार्य की विश्वविद्यालय व्यवसायिक स्कूल (HPUBS) में नियुक्ति उपरान्त कार्य ग्रहण करने हेतु किए गए निवेदन को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।

......

कार्यकारिणी परिषद ने विश्वविद्यालय व्यवसायिक स्कूल (HPUBS) में सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति उपरान्त डॉ0 भावना भारद्वाज द्वारा दिनांक 21.10.2016 को किए गए आवेदन पर चर्चा के पश्चात उनके कार्यग्रहण अवधि अर्थात् दिनांक 28.10.2016 से 26.12.2016 तक विस्तार प्रदान करने के लिए अनुमोदित किया।

**मद संख्या–10:** कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ में विभिन्न विषयों में पीएच.डी हेतु अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने हेतु गठित समिति की अनुशंसा विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

......

कार्यकारिणी परिषद् ने एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (National Institute of Technichal Teachers Training & Research (NITTR)), चण्डीगढ में विभिन्न विषयों में पी. एचडी के छात्रों को अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की संभावना तलाशने हेतु गठित समिति की दिनांक 29.12.2016 की अनुशंसा को **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया तथा राष्ट्रीय तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (National Institute of Technichal Teachers Training & Research (NITTR)), चंण्डीगढ़ को विश्वविद्यालय के अनुसंधान केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

कार्यकारिणी परिषद् के सदस्यों ने एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान द्वारा उठाये गये इस कदम की सराहना की तथा यह अपेक्षा की  कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ऐसे श्रेष्ठ संस्थानों में छात्र हित में इस प्रकार के शोध केन्द्र स्थापित करने की सम्भावनाएं भी तलाशे।

**मद संख्या–11**: डॉ0 भवानी सिंह द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में सहायक आचार्य, के पद पर नियुक्ति उपरान्त वेतन एवं ग्रेड–पे को संरक्षण करने हेतू किए गए निवेदन को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करने के सन्दर्भ में।

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ0 भवानी सिंह के हिन्दी विभाग सहायक आचाार्य के पद पर नियुक्ति उपरान्त उन्हें एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान में प्रदान किये जा रहे रूपये 15600–39100+7000ए.जी.पी. को संरक्षित रखने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद संख्या–12**: अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय (Cross Country) प्रतियोगिता और Pre-RDC में भाग लेने वाले एन.सी.सी. विद्यार्थियों के लिए अलग से विशेष सत्र परीक्षाएं आयोजित करवाई जाने हेतू विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों से प्राप्त अनुरोध कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है ।

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय (cross country) प्रतियोगिता एवं Pre-RDC में भाग लेने वाले एन.सी.सी. विद्यार्थियों के लिए अलग से विशेष सत्र परीक्षाएं आयोजित करवाने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**मद संख्या–13**: To Place before the Executive Council the matter with regard to the approval of UGC Notification published in the Gazzette of India on the 5th May, 2016 to be called henceforth University Grants Commission (Minimum Standard and Procedure for Award of M.Phil./Ph.D. Degrees) Regulartions, 2016.

......

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(एम.फिल / पीएच.डी उपाधियां प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानक एवं प्रकिया) विनियम. 2009 का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना दिनांक 05 मई, 2016 में एम.फिल / पीएच.डी उपाधियां प्रदान करने हेतु जारी न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया विनियम 2016 को **संलग्नक** के अनुरूप विश्वविद्यालय में अपनाने हेतु अनुमोदित किया।

**<u>मद संख्या–14</u>:** To Place before the Executive Council the New Norms for Admission to M.Phil./Ph.D. formulated by the Deans' Committee and approved by the Standing Committee of the Academic Council.

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना दिनांक 05 मई, 2016 में प्रकाशित एम.फिल / पीएच.डी उपाधियां प्रदान करने हेतु प्रकाशित न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया विनियम 2016 के अनुरूप हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एम.फिल / पीएच.डी उपाधियों में प्रवेश के लिए अधिष्ठाता समिति (Dean's Committee) की अनुशंसा अनुसार **संलग्नक** के रूप में बनाए गए नवीन विनियम को निम्नलिखित संशोधन के साथ स्वीकृति प्रदान की:–

1. विश्वविद्यालय एवं इसके सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अपनी शैक्षणिक योग्यताओं में सुधार हेतु एम.फिल / पीएच.डी. की प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की।
2. पीएच.डी में प्रवेश हेतु ऐसे अभ्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा में छूट होगी जिन्होंने एम.फिल उपाधि प्रवेश परीक्षा के माध्यम से की हो।

**<u>मद संख्या–15</u>:** To place before the Executive Council the matter with regard to the Memorandum of Understanding(MOU) between the HQ Army Training Command and H.P. University for the award of Master of Philosophy(M.Phil.) Degree to the Officers of Indian Army.

......

कार्यकारिणी परिषद् ने HQ Army Training Command और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के बीच 2 मार्च, 2016 को हुए समझौता–ज्ञापन और अधिष्ठाता समिति (Dean's Committee) की अनुशंसा अनुसार शैक्षणिक सत्र 2016–17 से मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र और भूगोल विषय में सेना अधिकारियों के लिए एम.फिल के प्रत्येक पाठ्यक्रम में 3 सीटें आबंटित करने हेतु **संलग्नक** के अनुरूप अपनी स्वीकृति प्रदान की। कार्यकारिणी परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि इसे विश्वविद्यालय

अध्यादेश में सम्मिलित करने के लिए उचित निकायों के माध्यम से विश्वविद्यालय अध्यादेशों में आवश्यक संशोधन भी प्रस्तावित किया जाये।

**मद संख्या–16:** कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट व विधि अधिकारी के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापनों की क्रियान्वयन समयावधि के विस्तार हेतु स्वीकृति।

......

कार्यकारिणी परिषद् ने आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट व विधि अधिकारी के पदों के विज्ञापनों की क्रियान्वयन के समयावधि में विस्तार को अनुमोदन प्रदान किया तथा यह निर्देश दिया कि इन पदों की भर्ती प्रक्रिया 30 जून, 2017 तक हर सम्भव पूर्ण कर ली जाए।

**मद संख्या–17:** To place before the Executive Council the item with regard to Internal Assessment rules for the Teaching Department.

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षा विभागों में आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) की समरूप नियमावली बनाने हेतु प्रकरण को पूर्ण तथ्यों सहित परिषद् की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**मद संख्या–18:** डॉ० मोहन लाल झारटा, आचार्य, समाज शास्त्र विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त उपरांत पाँच वर्षो की अवधि के लिए असाधारण अवकाश(बिना वेतन के) प्रदान करने के लिए निवेदन को, कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के संदर्भ में।

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने मद को स्थगित किया तथा यह निर्णय लिया कि मामला कार्यकारिणी परिषद् की आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जाए।

......

**<u>यथा–स्थान मदें:–</u>**

आचार्य राजिन्द्र सिंह चौहान, प्रतिकुलपति जी ने समाज–शास्त्र विषय में चयन समिति की सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने तथा चयन समिति की अनुशंसा अनुसार अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने का मामला उठाया।

इस पर कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि सम्पूर्ण प्रकरण को समस्त तथ्यों सहित कार्यकारिणी परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

अन्त में बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

हस्ता0/–
(डॉ0 पंकज ललित)
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पुष्टिकरण

हस्ता0/–

(आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी)
कुलपति/सभापति